Regarding tragic death of three students in a waterlogged basement of a coaching centre in Old Rajendra Nagar, Delhi

सुश्री बाँसुरी स्वराज (नई दिल्ली) **:** अध्यक्ष जी, आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय पर सदन में बोलने की अनुमति दी, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं । ओल्ड राजेन्द्र नगर में एक बहुत ही हृदय विदारक घटना घटी है, जहां पर नाले का पूरा का पूरा पानी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भर गया और पूरा का पूरा बेसमेंट जलमग्न होने के कारण तीन छात्रों ने अपनी जान गंवा दी । ये बच्चे तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और केरल से आए थे । अध्यक्ष जी, ये बच्चे दिल्ली में आईएएस एग्जामिनेशन की तैयारी करने के लिए आए थे, अपना भविष्य उज्ज्वल करने के लिए आए थे । लेकिन मुझे बहुत दु:ख से कहना पड़ता है कि दिल्ली सरकार की लापरवाही, यहां तक कि आपराधिक लापरवाही के कारण इन बच्चों ने अपनी जान गंवा दी ।? (व्यवधान) The cause of death of these three students is the utter and absolute apathy of the Aam Aaadmi Party ruling dispensation in Delhi. The criminal negligence of the ruling dispensation of the Aam Aadmi Party in Delhi has caused the death of these three students. आम आदमी पार्टी एक दशक से दिल्ली में सत्ता भोग रही है, लेकिन दिल्लीवासियों के लिए कोई काम नहीं कर रही है ।

अध्यक्ष जी, पिछले दो सालों से नगर निगम यानी एमसीडी भी दिल्ली सरकार के नियंत्रण में है, दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली सरकार के नियंत्रण में है, ड्रेनेज की सफाई दिल्ली सरकार के नियंत्रण में है । लेकिन इन्होंने नालों की न अपग्रेडेशन की है और न डिसिल्टिंग की है ।

मैं इसमें एक बहुत इम्पोर्टेंट बात कहना चाहूंगी । ओल्ड राजेन्द्र नगर में जो हुआ, 22 जुलाई, 24 जुलाई, दो दिन से लगातार वहां के स्थानीय निवासी स्थानीय विधायक, स्थानीय पार्षद और वहां के अधिकारियों को इसकी शिकायत कर रहे थे । विधायक जी व्यंग्य तो कर रहे थे, लेकिन उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया । मेरा आपसे निवेदन है और मैं गृह मंत्रालय से अनुरोध करती हूं कि एक जांच समिति बनाई जाए । दिल्ली सरकार जो केवल प्रचार-प्रसार और भ्रष्टाचार में लिप्त है, इसमें इंक्वायरी बैठाई जाए । दिल्ली के नालों की सफाई क्यों नहीं की? ? (व्यवधान) दिल्ली जल बोर्ड चरमराती हुई व्यवस्था में क्यों है?

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्य, ठीक है ।

डॉ**.** शशि थरूर जी ।